जेल वारंट कटा तो बेहोश हो गए दो नेता

गैरतगंज नपाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

रायसेन/ बेगमगंज, 13 अक्टूबर. जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर गैरतगंज में सोमवार को शासकीय सिविल अस्पताल में पदस्थ बीएमओ डॉ. अरनिष्ट लाल के साथ ड्यूटी के दौरान करीब 5 माह पूर्व मारपीट करने एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय संजू जैन के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था.

सोमवार को गैरतगंज न्यायालय में पुलिस ने उक्त प्रकरण के चालान पेश करने के साथ दोनों आरोपियों को भी कस्टडी में लेकर न्यायालय में पेश किया था. उक्त प्रकरण में न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायाधीश मनीष रघुवंशी ने दोनों आरोपियों का जेल वारंट बनाकर न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश जारी किए तो जेल वारंट कटने का सुनते ही दोनों नेताओं ने बेहोशी का नाटक किया और गिर पड़े, तब पुलिस कस्टडी में ही दोनों को सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रायसेन रेफर कर दिया.

रायसेन जिला अस्पताल में भाजपा के वरिष्ठ नेता व नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय संजू जैन दोनों का इलाज जारी. गैरतगंज पुसि ने नपाध्यक्ष जिनेश जैन एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय संजू जैन पर बीएनएस की धारा 121/1 धारा 296 धारा 351/3 धारा 3/5 धारा 3/4 और धारा 132 के तहत मामला दर्ज किया था.

> गौरतलब है कि दोनों नेताओं ने ड्यूटी पर मौजूद बीएमओ डॉ. अरनिष्ट लाल के साथ जमकर मारपीट की थी, तब सीएमएचओ ने दोनों आरोपियों के राजनीतिक रसूख के चलते डॉक्टर को ही जिला अस्पताल में अटैच कर दिया था. तब दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया था और वे अपराधी होते हुए भी सरेआम गैरतगंज सहित जिले भर में घूमकर राजनीति और अपना व्यापार करते रहे थे. जबकि कांग्रेस सहित पीड़ित पक्ष ने पुलिस से उन्हें गिरफ्तार करने की लगातार मांग की गई थी, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने से डरती रही. सोमवार को भी उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन न्यायालय की निष्पक्षता से दोनों बच नहीं सके.

सड़क हादसे पर सीएम डॉ. मोहन ने जताया दुख

इंदौर. इंदौर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 14 साल की नाबालिग और 2 महिलाओं की मौत हो गई है. सांवेर के चंद्रवतीगंज के पास हुए हादसे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है. सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता राशि देने का ऐलान किया है. साथ ही सभी घायलों का मुफ्त इलाज किया जाएगा. मंत्री तुलसी सिलावट ने इसकी जानकारी दी है. मंत्री तुलसी सिलावट इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद भोपाल से अरबिंदो अस्पताल के लिए निकल गए. जहां वह घायलों से मुलाकात करेंगे. बता दें कि ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से 24 मजदूर घायल हो गए. घायलों को तत्काल सावेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा गया था, जहां से उन्हें रैफर कर अरविंदो अस्पताल भेजा गया है.

सीएम से मिले आईटीआई के मेधावी प्रशिक्षणार्थी

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 प्राप्त तीन शिक्षकों ने भी की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सोमवार को मंत्रालय में ही राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 प्राप्त मध्यप्रदेश के तीन शिक्षकों ने भी सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं.

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं आईटीआई के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों ने सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी होनहार प्रशिक्षणार्थियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं.

इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल सहित कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बैतूल जिले की त्रिशा तावड़े (ऑल इंडिया में केंद्रीय जोन की टॉपर), भोपाल जिले की चंचल सैवारिक (ऑल इंडिया में ट्रेड कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट में महिला टॉपर), जबलपुर जिले की पूजा जाटव (ऑल इंडिया में ट्रेड ड्रोन तकनीशियन में महिला टॉपर), उज्जैन जिले के श्याश महेश्वरी (ऑल इंडिया में ट्रेड फैशन डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी में पुरुष टॉपर, बालाघाट जिले के अमन गजभिये (ऑल इंडिया में ट्रेड मेसन बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर में पुरुष टॉपर) जबलपुर जिले की श्रुति विश्वकर्मा (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक (ट्रैक्टर) में महिला टॉपर, बैतूल जिले के अरविंद कुमरे (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर में पुरुष टॉपर), बैतूल जिले की निकिता तायवडे (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर में महिला टॉपर), भोपाल जिले के अभिजीत सिंह सिसोदिया (ऑल इंडिया में ट्रेड मिल्क एवं मिल्क प्रोडक्ट तकनीशियन में पुरुष टॉपर) एवं खरगोन जिले के शिवम यादव (ऑल इंडिया में ट्रेड स्टेनोग्राफर एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिंदी) में पुरुष टॉपर) ने भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राज्यमंत्री टेटवाल ने इन प्रशिक्षणार्थियों की विशिष्ट उपलब्धियों से अवगत कराया.

दो बाइकों में भिड़ंत बच्ची समेत 5 घायल

सलामतपुर. सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हलाली डैम रोड पर कटे महुआ के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में एक बच्ची सहित पांच लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, एक मोटरसाइकिल पर दो महिलाएं, एक बच्ची और एक युवक सवार थे, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार थे. दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में पहली मोटरसाइकिल पर सवार महिला, बच्ची और युवक घायल हुए, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर बैठे दोनों युवक भी चोटिल हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया.

भेल कर्मियों ने गहराई से समझे जीएसटी के प्रावधान

बीएचईएल में जीएसटी जागरुकता एवं अनुपालन पर संगोष्ठी

बीएचईएल संवाददाता

भोपाल, 13 अक्टूबर. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल के वित्त विभाग के तत्वावधान में हाल ही में जीएसटी जागरूकता एवं अनुपालन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन बीएचईएल परिसर में किया गया. कार्यक्रम में बीएचईएल भोपाल के महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख प्रदीप कुमार उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

विशिष्ट अतिथि वक्ताओं के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट संदीप मुखर्जी एवं संजीव मंगल ने जीएसटी विशेषज्ञ के रूप में संगोष्ठी में भाग लिया. इस अवसर पर गौतम मजूमदार, महाप्रबंधक (सीएमजी, पीएमजी, सीसी एवं डीटीजी) तथा पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (वित्त) विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए जन्मेजय शर्मा, महाप्रबंधक (वित्त) ने की. सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों में जीएसटी के प्रमुख प्रावधानों एवं नवीनतम नियामकीय परिवर्तनों के प्रति जागरुकता और समझ को बढ़ाना था. चर्चा में ई-वे बिल, ई-इनवॉइस, क्रेडिट एवं डेबिट नोट्स, एलयूटी के तहत निर्यात तथा 56वीं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुसार हाल के संशोधनों जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे.

> यह संगोष्ठी वित्त, सामग्री प्रबंधन, वाणिज्यिक एवं लॉजिस्टिक विभागों के प्रतिभागियों के बीच ज्ञान-साझा करने और अनुभव-विनिमय का एक उत्कृष्ट मंच बनी. प्राप्त अंतर्दृष्टियाँ बीएचईएल में जीएसटी अनुपालन को सुदृढ़ करने और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में सहायक होंगी. कार्यक्रम ने कर्मचारियों में जीएसटी प्रावधानों की व्यावहारिक समझ को और गहरा किया है, जिससे वे अपने दैनिक कार्यों में अधिक सटीकता, पारदर्शिता और अनुपालन के साथ इन नियमों को लागू कर सकें.

किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बेगमगंज. मूंडला चावल गांव के एक किसान ने साहूकारों के कर्ज से तंग आकर नगर में स्थित अपने दूसरे मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना में लिया. ज्ञात हो गत वर्षों में भी हफ़सीलि एवं तुलसीपार के दो किसानों ने बेगमगंज के साहूकारों के कर्ज से तंग आकर आत्महत्या की थी. तब बहुत हंगामा हुआ था और विपक्षी पार्टी के प्रदेश स्तरीय बड़े नेताओं द्वारा मृतक किसानों के गांव पहुंचकर सांत्वना देने के साथ आंदोलन भी किए थे.

झूठी शिकायत के विरुद्ध पुलिस को दिया आवेदन

विनायक परिसर सोसायटी का मामला

भोपाल, 13 अक्टूबर. विनायक परिसर सोसायटी के रहवासियों ने थाना शाहपुरा में आशाराम शर्मा द्वारा की गई झूठी शिकायत के विरुद्ध आवेदन दिया है. आवेदन में उन्होंने कहा कि विनायक परिसर रहवासी समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह राजपूत सोसायटी की पड़ी रिक्त भूमि की सुरक्षा करते आ रहे हैं.

इस भूमि पर 11 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 बजे आशाराम शर्मा मंदिर से लगी भूमि पर खुदाई एवं कॉलम खड़े करने का प्रयास कर रहे थे, जिस पर अध्यक्ष होने के नाते मनोज सिंह राजपूत एवं सचिव डी.पी. दुबे एवं कुकरेजा एवं दीपेश सक्सेना एवं अन्य लोगों ने आशाराम शर्मा, उमाकांत शर्मा, ठेकेदार पंकज शुक्ला एवं राधा शर्मा से कहा कि आप यहां अतिरिक्त भूमि पर कोई निर्माण कार्य न करें, जिस पर आशाराम शर्मा गालियां देने लगे एवं रॉड उठाकर मारने का प्रयास किया और स्वयं वही गिर गए. वहां उपस्थित लोगों ने उन्हें उठाया और पानी पिलाया तथा सभी ने मिलकर मामले को शांत किया.

सभी रहवासी 1 घंटे तक उनके साथ वहीं पर रहे, इसके बाद सभी रहवासी अपने-अपने घरों पर चले गये.

यह पूरी घटना कॉलोनी के सी.सी.टी.वी. कैमरे में रिकार्ड है, जो कि सभी लोग देख सकते हैं. बाद में ज्ञात हुआ कि उन्होंने सोसायटी के अध्यक्ष मनोज सिंह राजपूत एवं मिक्की कुकरेजा के विरुद्ध थाना शाहपुरा में प्रकरण दर्ज कराया है.

> रहवासियों ने बताया कि इसके बाद सभी सदस्यों ने लिखित में थाना शाहपुरा में झूठे प्रकरण के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत करते हुये पूरी स्थिति से अवगत कराते हुये पत्र दिया एवं मामले की जांच कर न्यायपूर्ण कार्यवाही करने का आग्रह किया है.

किशोर दा के गानों से शाम हुई मस्तानी

रवींद्र भवन में किशोर कुमार नाइट का आयोजन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 13 अक्टूबर. रूप तेरा मस्ताना, मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू, जिंदगी एक सफर है सुहाना, पल पल दिल के पास, चला जाता हूँ किसी की धुन में ऐसे कई गानों से हंसध्वनि की शाम मस्तानी हो गई.

ये अवसर था रवींद्र भवन में सोमवार की शाम का, जब किशोर कुमार नाइट का आयोजन मध्या एडवरटाइजिंग एजेंसी और मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग के सहयोग से किया गया. कार्यकम का आयोजन किशोर कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया. जिसमें अनिल श्रीवास्तव बॉलीवुड सिंगर, के फॉर किशोर सोनी टीवी चैंपियन द्वारा वेस्ट बंगाल बैंड के साथ मिलकर कार्यक्रम में किशोर दा के मशहूर गानों की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम की शुरुआत में किशोर कुमार के जीवन पर आधारित कई मजेदार किस्सों सहित उनके सफर की कहानी दिखाई गई.

नूतन कॉलेज में दीपोत्सव मेला सामग्रियों के लगाए 15 स्टॉल

भोपाल, 13 अक्टूबर. सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) शिवाजी नगर भोपाल में सोमवार को दीपोत्सव मेला का शुभारंभ हुआ. जो 15 अक्टूबर तक रहेगा. तीन दिनी मेले में हस्तनिर्मित डेकोरेटिव दीये, घर के सजावटी सामान, तोरण, रंगोली, मिठाई एवं नमकीन, गुज़िया, वस्त्र एवं अन्य सामग्रियों का विक्रय किया जाएगा.

मेले में लगभग 15 स्टॉल लगाए गए हैं.प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव ने इसका उद्घाटन किया. संयोजक डॉ. लक्ष्मी अग्निहोत्री ने बताया कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और विक्रय करने संबंधी कौशल विकास के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया गया है. वहीं दूसरी ओर कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत एक कदम अपनी ओर थीम पर नुक्कड़ नाटक एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम POOJA CHAUHAN PRAKASH था। जिसे बदलकर POOJA RAJESH RAWAL कर दिया गया है। मुझे POOJA RAJESH RAWAL W/O RAJESH RAWAL नाम से जाना व पहचाना जाऐं।

सही: पूजा राजेश रावल
वार्ड नं. 33, मोती नगर,
जिला –बालाघाट (म.प्र.)

शैलेन्द्र कृष्ण को भागवत रत्न सम्मान

भोपाल, 13 अक्टूबर. श्री सहस्त्रबाहु नगर, होशंगाबाद रोड स्थित परिसर में आयोजित सुंदरकांड पाठ के आयोजन में कथा वाचक शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री को भागवत रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया. उनके निज सचिव राजेश राय ने बताया कि उन्हें यह सम्मान महापौर मालती राय द्वारा शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रदान किया गया. इस अवसर पर महापौर मालती राय ने कहा कि शास्त्री ने अब तक देश के विभिन्न हिस्सों में 549 श्रीमद्भागवत कथाएं आयोजित कर समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया है. वे विशेष रूप से युवाओं को धर्म, ज्ञान और नैतिक मूल्यों से जोड़कर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बना रहे हैं. कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एम.एल. राय, कौशल राय, लक्ष्मीनारायण चौकसे, सुनील चौकसे, मंटू चौकसे आदि उपस्थित रहे.

जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर कार्य करें अधिकारी

कुंभराज परियोजना संबंधी बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री सिलावट ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 अक्टूबर.जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि अधिकारी शासकीय विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर कार्य करें. उन्हें कार्यों की जानकारी दें तथा उनके सुझावों पर भी अमल किया जाए.

जल संसाधन मंत्री सोमवार को मंत्रालय में पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना तहत कुंभराज परियोजना संबंधी बैठक ले रहे थे. बैठक में सांसद राजगढ़ रोडमल नागर, विधायक चाचौड़ा प्रियंका पेंची, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. कलेक्टर गुना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया.

इस दौरान जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना के रूप में मध्यप्रदेश को एक बड़ी सौगात दी है. पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का नदी जोड़ो का सपना मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में साकार हो रहा है. यह अनूठी परियोजना है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 90 फीसदी राशि दी जा रही है, राज्य सरकारों को केवल 10 फीसदी राशि वहन करनी है. इसके पूरा होने पर क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी. हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना हमारी सरकार का संकल्प है. बैठक में बताया गया कि संशोधित पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश में 6 लाख 11 हजार 50 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा के साथ 40 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी.

> इस परियोजना के एक घटक के रूप में कुंभराज परियोजना सबसे बड़ी परियोजना है. परियोजना से सबसे ज्यादा लाभ गुना जिले की विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा के किसानों को होगा. बैठक में तकनीकी रूप से उपयुक्त स्थल पर ही निर्माण कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SHAMIM AKHTER MOOSSA था। जिसे बदलकर SHAMIM AKHTER MOOSSA D/O KHAN BAHADUR KUTTI MOOSSA नाम से जाना व पहचाना जाऐं।

सही: शमीम अखतर मूसा
वार्ड नं. 10, भरवेली अमेड़ा,
जिला –बालाघाट (म.प्र.)

नाम परिवर्तन

मैं, Army Service No. 14681388F, Rank - HAV, Ashaijya Chutia, निवासी- बनमूख डेहनिगिया गांव, जयरापार, सिवसागर, सिब्सागर, असम- 785640, का शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि मेरे पुत्र अशिष चुटिया (Asish Chutia) है, जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अशिष चैटिया (Asish Chetia) है. सर्विस रिकार्ड में दर्ज नाम अशिष चुटिया (Asish Chutia) के स्थान पर अशिष चैटिया (Asish Chetia) दर्ज किया जावे.

नाम परिवर्तन

मैं इस्माएल केरकेटटा (ISMAEL KERKETTA) निवासी म.नं. 612, N2 C-सेक्टर गोविन्दपुरा भोपाल म.प्र. सूचित करता हूँ मेरी पुत्री अंशिता केरकेटटा के आधार कार्ड में मेरा नाम ISMAIL KERKETTAअंकित है जो कि गलत है मेरे नाम की सही स्पेलिंग ISMAEL KERKETTA है जो सभी दस्तावेजों में अंकित है. इसी नाम को आधार कार्ड में दर्ज किया जाए.

R.N.- 57639

न्यायालय तहसीदार तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्र. 0063/अ-70/2024-25
ग्राम-कलखेड़ा दिनांक- / /2025

सूचना पत्र

श्रीमती आशा शर्मा पत्नि श्री आर. के. शर्मा, नि. 64, पत्रकार कालोनी, भोपाल **विरूद्ध** श्री सुमित कुमार अग्रवाल (बायो न्यूट्रीशन इंडिया प्रा.लिमि.) निवासी 51, जैन मंदिर रोड चौक बाजार, भोपाल। **एतद् द्वारा** आप सभी अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री रामकृपाल शर्मा निवासी 64, पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड न. 3 भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. द्वारा म. प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 250 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर आवेदक के स्वत्व की भूमि स्थित ग्राम कलखेड़ा प.ह.न. 50 तहसील हुजूर जिला भोपाल में सीमांकन प्रकरण क्र. 0577/अ-12/2021-2022 द्वारा किए गए सीमांकन में खसरा क्रमांक 366 रकबा 1.670 हे. के अंश भाग रकबा 0.0459 हे. भूमि पर अनावेदकगण श्री सुमित कुमार अग्रवाल (बायो न्यूट्रीशन इंडिया प्रा.लिमि.) निवासी 51, जैन मंदिर रोड चौक बाजार, तहसील हुजूर जिला भोपाल कब्जा होने के कारण सूचना पत्र जारी किये गए थे। परंतु आपको तामिल न होने के कारण आपको सूचना के माध्यम से प्रकाशन आहूत किया जा रहा है। प्रकरण नियत पेशी दिनांक 28/10/25 नियत है जिसमें आप उपस्थित होकर अपना अभिमत पक्ष रख सकते है। आपकी अनुपस्थिति में यह मान इसके अधार पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावे।

सील — तहसीलदार, तहसील हुजूर, जिला भोपाल

महासम्मेलन जेन जीएसटी रिफॉर्म महासम्मेलन में राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल ने कहा

ट्रैक्टर, कीटनाशक पर जीएसटी घटा, खेती को फायदा

नवभारत न्यूज

रायसेन, 13 अक्टूबर. जिले के उदयपुरा में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म महासम्मेलन सोमवार को बरेली स्थित शिवाजी सेवा सदन में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है. सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल और जिला महामंत्री केशव पटेल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति, किसान, उपभोक्ता, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए.

> भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है. उन्होंने नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब केवल दो दरें 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत निर्धारित की गई हैं. घरेलू उपयोग की वस्तुएं अब 5 प्रतिशत या शून्य कर के दायरे में आती हैं. शर्मा ने किसानों को मिली राहत का भी उल्लेख किया. उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे खेती की लागत में कमी आएगी.

मंत्री पटेल ने अपने संबोधन में बताया कि भारत अब रक्षा उपकरणों का आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक बन गया है. देश में सुपर सोनिक मिसाइलें, पनडुब्बियां और कई प्रकार के स्वदेशी हथियार निर्मित हो रहे हैं.

CHANGE OF NAME

I, Naveen Kumar, Father of Baby one of meena, aged 6 year, resident of Village-Jonawas, P.O- Dungerwas, Distt-Rewari (Haryana) do hereby declare that I have changed the name of my son from Baby one of Meena to Yash Yadav in future. Henceforth, my son shall be known as Yash Yadav for all official and future purpose.

Guardian Name:-Naveen Kumar
Date:- 13/10/2025

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 358/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 13.10.2025

निविदा सूचना 161/2025_STDC_457289_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम -** भोपाल स्थित मोती महल परिसर के विभिन्न पुरातात्विक प्रवेश द्वार (बाब-ए-सिंकदरी दरवाजा, मोती महल दरवाजा एवं सदर मंजिल दरवाजा) के संरक्षण तथा पार्किंग एवं अन्य विकास कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 04 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 218.02 लाख

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 03.11.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/122515/2025 **कार्यपालन यंत्री**